महत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद्,
उत्तर-प्रदेश, लखनऊ|

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद् से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं|

विषय: एआईसीटीई सक्षम,प्रगति एवं स्वानाथ छात्रवृत्ति योजना के सम्बन्ध में|

संख्या:प्राशिप/ ए०आई०सी०टी०ई०सक्षम-प्रगति-स्वनाथ छात्रवृत्ति/2022-23/ 10049 **दिनांक:** 22/10/22

महोदय,

कृपया परिषद् के पत्रांक: प्राशिप/ ए०आई०सी०टी०ई०सक्षम-प्रगति-स्वनाथ छात्रवृत्ति/2022-23/8965 लखनऊ: दिनांक: 23.09.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें| उक्त पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली द्वारा ए०आई०सी०टी०ई० से अनुमोदन प्राप्त संस्थाओं में सत्र 2022-23 में प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्राओं अथवा लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेशित छात्राओं हेतु प्रगति छात्रवृत्ति एवं दिव्यांग छात्र/छात्राओं हेतु सक्षम छात्रवृत्ति तथा अनाथ अथवा कोविड-19 से माता/पिता के मृत्यु होने पर स्वानाथ छात्रवृति हेतु फ्रेश आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं| **साथ ही सत्र 2021-22 में उक्त छात्रवृति से लाभान्वित छात्र/छात्राओं से रिन्यूअल हेतु भी आवेदन आमंत्रित किये गए हैं जिसकी अंतिम तिथि 31.10.2022 तक निर्धारित हैं|**

अतः आपको निर्देशित किया जाता हैं कि अपनी संस्था में अध्यनरत पात्र छात्र/छात्राओं को दिनांक: 30.10.2022 तक राष्ट्रिय छात्रवृत्ति पोर्टल (NSP) के माध्यम से आवेदन करवाते हुए संस्था स्तर से प्रथम लेवल सत्यापन करते हुए आवेदन पत्र अग्रसारित करना सुनिश्चित करें| उक्त छात्रवृत्ति की विस्तृत जानकारी ए०आई०सी०टी०ई० की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं|

भवदीय
Khan
(एफ० आर० खान)
A 9/c सचिव

पृ०सं०:प्राशिप/ ए०आई०सी०टी०ई०सक्षम-प्रगति-स्वनाथ छात्रवृत्ति/2021-22/10050 **दिनांक:** 22/10/22
प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर-प्रदेश, कानपुर |
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी/पश्चिमी/मध्य/बुंदेलखंड क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ की अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें|

Khan
(एफ० आर० खान)
A 9/c सचिव